तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

कृति

2019-20

केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पोकरण

केंद्रीय विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पोकरण

विद्यालय पत्रिका

2019-20

मुख्य संरक्षक

श्री यशपाल सिंह

उपायुक्त, जयपुर संभाग

संरक्षक

श्री मुकेश कुमार
सहायक आयुक्त,
जयपुर संभाग

श्री सुरेन्द्र मिश्र
समादेष्टा, 57वीं वाहिनी, सी.सु.ब.,
नामिती अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति

मार्गदर्शक

श्री गजेन्द्र जोशी
प्राचार्य

संपादक मण्डल

श्री सोहन लाल शर्मा	श्री संतोष कुमार देवल	श्री संजय कुमार
पी.जी.टी. (हिन्दी)	पी.जी.टी. (संगणक)	पी.जी.टी. (अँग्रेजी)
श्री राकेश कंवरिया	सुश्री सुशीला देवी	श्री मानसिंह नरवाल
टी.जी.टी. (हिन्दी)	टी.जी.टी. (संस्कृत)	टी.जी.टी. (अँग्रेजी)

विद्यार्थी संपादक

गौरव भास्कर, XII विज्ञान

कविता, XII कला

सन्देश

मुझे यह जानकार अत्यंत हर्ष हो रहा है कि केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल पोकरण अपने विद्यार्थियों व शिक्षकों की सृजनशीलता एवं अभिव्यक्ति को अवसर देने के लिए अपनी वार्षिक ई-पत्रिका 2019-20 प्रकाशित करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का परिचय देती है। पत्रिका में अपने नाम एवं अपनी छपी रचना देख व पढ़कर छात्र अपने में अत्यंत आनंद का अनुभव करते हैं, साथ ही भविष्य में कुछ ख़ास करने के लिए तत्पर हो जाते हैं। छात्रों की रचनाओं को संवारकर प्रकाशित करने से उनको अप्रत्यक्ष मार्गदर्शन मिलता है।

पत्रिका विद्यालय की प्रगति और गतिशीलता का दर्पण होती है। समाज इसके आधार पर अपनी अगली पीढ़ी का भविष्य आँकता है। इस अर्थ में पत्रिका छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय को यशस्वी बनाने में मदद करती है।

आपके इस प्रयास के लिए समस्त विद्यालय परिवार व ई-पत्रिका के सम्पादकीय मंडल को मेरी ओर से बधाई और शुभकामनाएँ।

आपका शुभेच्छु
(यशपाल सिंह)
उपायुक्त

सन्देश

यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल पोकरण अपनी वार्षिक ई-पत्रिका का प्रकाशन जा रहा है। विद्यालय पत्रिका एक मंच है अभिव्यक्ति का। इस साहित्यिक मंच के माध्यम से विद्यार्थियों की सुप्त लेखन शैली को उजागर होने का अवसर मिलता है।

यह पत्रिका एक दर्पण भी है। जिसके माध्यम से विद्यालय की समस्त गतिविधियाँ प्रतिबिंबित होती है। मुझे आशा है कि विद्यालय ई-पत्रिका अपने उद्देश्य में सफल होगी।

मैं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

सुरेन्द्र मिश्र
समादेष्टा,
57वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल, पोकरण
नामिती अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति

सन्देश

यह जानकर मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल पोकरण द्वारा विद्यालय ई-पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

पत्रिका एक ऐसा माध्यम है जिसकी सहायता से विद्यार्थियों और शिक्षकगण की सृजनात्मकता को आयाम मिलते हैं और पाठ्य-पुस्तकों के पठन-पाठन की अनिवार्यता से उत्पन्न बोझिलता को दूर कर मन में पढने-लिखने की सहज वृत्ति का विकास होता है।

विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए आपके इस सफल प्रयास के लिए सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

शुभेच्छु

(मुकेश कुमार)

सहायक आयुक्त

प्राचार्य की कलम से...

केन्द्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल, पोकरण की वार्षिक विद्यालय पत्रिका "कृति" का ताजातरीन अंक आपको सौंपते हुए मैं अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ। विद्यालय पत्रिका विद्यालयी गतिविधियों का आईना होती है, जिसमें नवोदित रचनाकार अपनी कल्पनाओं के रंगों और जज्बातों को कागज पर एक सुन्दर चित्र के रूप में उकेरते हैं। इससे उनके हौंसलों को पंख मिलते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पत्रिका छात्रों की रचनात्मकता, सृजनशीलता और अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास साबित होगी।

विद्यालय पत्रिका के प्रकाशन में अपना अमूल्य सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए मैं आदरणीय श्री यशपाल सिंह, उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जयपुर संभाग तथा श्री सुरेन्द्र मिश्र, नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबन्धन समिति के प्रति हृदय की अनन्त गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही पत्रिका के सम्पादक मंडल, विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके इस उल्लेखनीय प्रयास के लिए बधाई देते हुए मंगलकामनाएं अर्पित करता हूँ।

निश्चय ही यह 'कृति' उत्कृष्टता की ओर निरंतर गतिशील हमारे विद्यालय की सम्पूर्ण झांकी को आपके सम्मुख पेश करेगी।

शुभकामनाओं सहित,

गजेन्द्र जोशी
प्राचार्य

सम्पादकीय

कोई भी बालक सकल संभावनाओं और क्षमताओं से परिपूर्ण होता है। विद्यालय उसे उसकी इन्हीं अंतर्निहित शक्तियों से परिचित कराता है, उन्हें एक दिशा प्रदान करता है। विद्यालय का दायरा अथाह किताबी ज्ञान को उस बालक को सौंपने भर तक का नहीं है, बल्कि उसके व्यक्तित्व के हर पहलू को उभारना-निखारना है। केंद्रीय विद्यालय संगठन बखूबी इस दायित्व को दशकों से निभा रहा है। केंद्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल, पोकरण की विद्यालय पत्रिका का यह ई-संस्करण संभावनाओं से भरे हमारे नन्हें नव सृजनकारों को एक मंच देने का प्रयास है।

मानव ईश्वर की अनुपम कृति है। तमाम इंसानी गुणों के साथ ईश्वर ने इस कृति का सृजन किया है। मानव में ये गुण, यह मानवीयता बनी रहे, बची रहे, फले-फूले, यही शिक्षा के इन मंदिरों का ध्येय है। मानवीय संवेदनाओं से भरी ऐसी ही एक 'कृति' हम आपको समर्पित कर रहे हैं, जिसमें बच्चों की रचनात्मकता, कल्पना व श्रम सन्निहित है। इस ई-पत्रिका को तैयार करने में सहयोग करने वाले सभी सुधीजन के प्रति हार्दिक आभार! ई-पत्रिका प्रकाशन का विद्यालय का यह प्रथम प्रयास है, इसलिए कमियाँ हो सकती हैं, पर हम आपके रचनात्मक सुझावों का स्वागत करेंगे।

सादर,

सोहन लाल शर्मा
स्नातकोत्तर शिक्षक- हिंदी

स्टाफ सदस्य

क्रमांक	कर्मचारी का नाम	पदनाम
1	श्री गजेन्द्र जोशी	प्राचार्य
2	श्री संतोष कुमार देवल	पीजीटी संगणक विज्ञान
3	श्री गोपाल सैवलिया	पीजीटी रसायन शास्त्र
4	श्री रामबाबू मीना	पीजीटी जीव विज्ञान
5	श्री ओमप्रकाश जांगिड़	पीजीटी अर्थशास्त्र
6	श्री सोहन लाल शर्मा	पीजीटी हिन्दी
7	श्री धर्मेन्द्र कुमार वर्मा	पीजीटी इतिहास
8	श्री वीर सिंह मीना	पीजीटी भूगोल
9	श्री दीपक जांगिड़	पीजीटी भौतिक शास्त्र
10	श्रीमती कुमुदिनी कान्त पाठक	पीजीटी गणित
11	श्री संजय कुमार	पीजीटी अँग्रेजी
12	श्री राकेश कंवरिया	टीजीटी हिन्दी
13	सुश्री सुशीला देवी	टीजीटी संस्कृत
14	श्री मानसिंह नरवाल	टीजीटी अंग्रेजी
15	श्री अंकित कुमार	टीजीटी गणित
16	श्री अमर नाथ लाखीवाल	पुस्तकालयाध्यक्ष
17	श्री राजेंद्र कुमार	टीजीटी कला
18	श्री श्याम सिंह भाटी	टीजीटी स्वा. एवं शा. शिक्षा
19	श्री कमल कुमार	टीजीटी कार्यानुभव शिक्षक
20	श्री प्रेम नारायण शर्मा	प्राथमिक शिक्षक संगीत
21	श्री शिवनारायण	प्राथमिक शिक्षक
22	श्रीमती सुधीर बाई	प्राथमिक शिक्षक
23	श्रीमती सरिता	प्राथमिक शिक्षक
24	श्रीमती भारती लांबा	प्राथमिक शिक्षक
25	श्री अजय कुमार	प्राथमिक शिक्षक
26	श्री कैलाश चंद बैरवा	वरिष्ठ सचिवालय सहायक
27	श्री अनिकेत शर्मा	कनिष्ठ सचिवालय सहायक
28	श्री भाकर सिंह	प्रयोगशाला परिचारक
29	श्री रणजीत सिंह	सब स्टाफ

हिन्दी अनुभाग

बापू, आप मुझे प्रेरित करते हैं...

(डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में आयोजित 'ढाई आखर' अखिल भारतीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के अंतर्देशीय पत्र (वरिष्ठ) वर्ग में विद्यालय के पीजीटी हिंदी श्री सोहन लाल शर्मा की राजस्थान परिमंडल स्तर पर प्रथम तथा राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर पुरस्कृत पत्र-प्रविष्टि)

प्रिय बापू,

आप मुझे प्रेरित करते हैं...

आप मेरे प्रेरणा-पुंज हैं। आप मुझे प्रेरित करते हैं कि मैं इस दुनिया को एक अलग ही नज़रिए से देखूँ। इस दुनिया में सुख-दुःख, कष्ट-पीड़ा, तनाव-अवसाद, राग-द्वेष सब कुछ है, लेकिन मैं इन सबसे विरत होकर कर्म करूँ।

आप मुझे प्रेरित करते हैं किइस चकाचौंध भरी मायावी दुनिया की चमक-दमक में अपने को खोने को बजाय सादगी को ओढ़ूँ-पहनूँ; सादगी की सुन्दरता को आत्मसात करूँ।

आप मुझे प्रेरित करते हैं कि आत्मा के बल को सदैव देहबल से ऊपर रखूँ। शरीर भले ही जीर्ण-शीर्ण जर्जर हो जाए, लेकिन आत्मबल है तो हर चुनौती छोटी पड़ जाएगी। अन्याय से लड़ने और जूँझने की शक्ति आत्मबल से ही आती है। आप इसकी मिसाल है और प्रेरणा भी।

आप मुझे प्रेरित करते हैं कि मैं उस व्यक्ति की आँखों में खोयी चमक लाऊँ, जो मुझसे ज्यादा दुखी है, ज्यादा ज़रूरतमंद है। कतार के उस अंतिम व्यक्ति के उदय में ही हमारी कोशिशों की सार्थकता और सच्ची खुशी है।

आप मुझे प्रेरित करते हैं कि मैं अपने तन-मन को पावन करूँ और इस पावनता को स्वच्छता के सन्देश के साथ अपने परिवार, पास-पड़ोस और समाज व राष्ट्र में फैलाऊँ। मेरी भागीदारी से मेरे देश का कोना-कोना साफ-सुथरा निर्मल बन जाए।

आप मुझे प्रेरित करते हैं कि दिन-ब-दिन बदरंग होती दुनिया में मैं प्रेम और शांति के रंग घोलूँ; दुनिया की नफ़रत और कड़वाहट को सत्य और अहिंसा के पावन जल से धो डालूँ।

आप मुझे प्रेरित करते हैं कि मैं सत्य का आग्रह करता हूँ, सच पर डटा रहता हूँ तो मैं अकेला नहीं हूँ। समाज का नैतिक बल मेरे साथ है। तब मैं स्वयं समाज हो जाऊँगा।

बापू, देहस्वरूप में आप हमारे बीच नहीं है, लेकिन भाव और विचारस्वरुप में मेरे अंतस में बसते हैं रोशनी बनकर, उम्मीद बनकर, प्रेरणा बनकर। आप सदैव मेरे प्रेरक हैं।

सादर नमन,

आपका ही

सोहन लाल शर्मा

माँ

माँ, तू मेरी पूजा है, मन्नत है मेरी
तेरे ही कदमों में जन्नत है मेरी।
नहीं आ सकते भगवान मेरे घर,
इसलिए माँ बनाई है।
है एक शब्द माँ
जिसमें ढेरों शक्तियाँ समाई हैं।
तू है एक अँधेरे में किरण निराली,
परी बिना पंखों वाली।
ऊपर जिसका अंत नहीं उसे आसमां कहते हैं,
जिसके प्यार का अंत नहीं उसे माँ कहते हैं।

-मयंक यादव (VII)

वातावरण

वातावरण को दूषित करके तुम
स्वस्थ नहीं रह पाओगे।
स्वच्छ हवा तुम नहीं ले पाए तो
घुट-घुटकर मर जाओगे।
आओ, मिलकर कसम यह खाएँ,
प्रदूषण को हम दूर भगाएँ।
गन्दगी को दूर भगाकर
वातावरण को स्वच्छ बनाएँ।

-कृतिका भाटी (VII)

चिड़ियों-से हम

लेटरबॉक्स में पड़ी हुई चिट्ठियाँ
अनंत सुख-दुःख वाली अनंत
चिट्ठियाँ,
लेकिन कोई किसी से नहीं बोलती
सभी अकेले-अकेले
अपनी मंजिल पर पहुँचने का
इंतज़ार करती हैं।
कैसा है यह एक साथ होना!
दूसरे के साथ हँसना, न रोना।
क्या हम भी
लेटरबॉक्स की चिट्ठियाँ हो गए हैं?

- नारायण सिंह (VI)

स्वच्छता

मैं नहीं तू, तू नहीं मैं
सदा ही करते, तू-तू मैं-मैं
करो कभी कोई अच्छा काम
बढाए जो भारत देश का नाम।
देश की धरोहर पर है सबका अधिकार,
फिर क्यों है इसकी सफाई से इनकार।
नहीं है कोई बहुत बड़ा उपकार,
बस करना है जीवन में बदलाव।
शहर को मानकर घर अपना,
निर्मल स्वच्छ है उसको भी रखना।
कूड़ेदान में फेंको कूड़ा,
हर जगह न फेंको कूड़ा।
थूकने को नहीं है धरती मैया,
बदलो अपनी आदत भैया।
न करो किसी पड़ौसी का इंतज़ार,
देश है सबका बढ़ाओ स्वच्छता अभियान।

-कृतिका भाटी (VII)

जीवन

जीवन क्या है?
मैंने जब इस सवाल का जवाब खोजा
तो मिला-
जीवन एक पतंग है।

ज़रूरी नहीं है कि वह बहुत ऊँची उड़े।
ज़रूरी यह है कि उसकी डोर
सही इंसान के हाथ में रहे।
जीवन एक नाव है।

जो कि तूफानों का सामना करती है।
ज़रूरी नहीं है कि हर बार
अपनी मंजिल तक जाने के लिए
उसे तूफानों का सामना करना पड़े।
ज़रूरी यह है कि उसकी पतवार मज़बूत रहे।
जीवन एक हसीन किताब है।

ज़रूरी नहीं है कि उसमें पन्ने ज्यादा हो।
ज़रूरी यह है कि किताब के हर पन्ने को
हम दिल से पढ़े।
जीवन एक ख्वाब है।

ज़रूरी नहीं कि हर पल ख्वाब अच्छे हों ।
ज़रूरी यह है कि बुरे ख्वाब आने पर
हमारी आँखें न खुले,
बल्कि हम उस बुरे ख्वाब से बाहर आने का मार्ग खोजे।

-खुशबू जांगिड (X)

हिंदी भाषा

हिन्दुस्तान की हिंदी भाषा,
सब भाषाओं की प्रथमा भाषा।
संस्कृत से प्रकटी भाषा,
जन-जन स्वांत सरोज की भाषा।
शब्द एक के अर्थ अनेका,
पर्यायवाची से जागत विवेका।
जन हृदय में शुद्ध शब्द धारा,
गाए महिमा यह संसार सारा।

- बृजपाल सिंह (IX)

बेटी की पुकार

बेटी यह कोख से बोल रही, माँ कर दे तू मुझ पर उपकार।
मत मार मुझे जीवन दे दे, मुझे भी देखने दे संसार।
बिन मेरे तू भैया को राखी किससे बंधवाओगी?
मरती रही हर कोख की बेटी तो बहू कहाँ से लाओगी?
बेटी ही बहन, बेटी दुल्हन, बेटी से ही होता परिवार,
मत मार मुझे जीवन दे दे...
मानेंगे पापा भी अब तो तुम बात बताकर देखो तो,
दादी-नानी तुम भी नारी, सबको समझा कर देखो तो।
नारी बिना सूना है सब घर-बार ....
नहीं जानती मैं इस दुनिया को मैंने जाना बस तुमको माँ
मुझे पता है तुझे फिक्र मेरी, तू मार नहीं सकती मुझको।
फिर क्यों इतनी मज़बूर है तू, माँ क्यों है तू इतनी लाचार।
मत मार मुझे जीवन दे दे ...

-छवि बोहरा (X)

स्वरचित कविता: झूठ नहीं तुम सच बोलो

झूठ नहीं तुम सच बोलो।
सच में होती बहुत शक्ति
सच तो लगता सबको अच्छा
झूठ की राह होती है कच्ची
एक पर एक बोलने पड़ेंगे सौ झूठ
झूठ से जाएंगे सब रूठ
कायर की तरह न बोलो झूठ
सच पर कायम है दुनिया पूरी
खुश होते सारे सच बोलने वालों से
झूठ तो सभी बोलते
कम होते सच बोलने वाले।
क्यों घबराते हो सच बोलने से
झूठ तुम कभी न बोलना
हिम्मत करके सच बोलना सीखो
सच की होती सदा ही जीत।

-पूजा बिश्नोई (X)

थकना नहीं

अब तक जैसे पार किए हैं
परिश्रम के पथ।
अब तुम थकना नहीं
टीका-टिप्पणियों की आंधियां चलेगी,
कर्कश तूफ़ान आएगा
पर तुम रुकना नहीं।
कीर्तिमान बन जाए
जब पाठ्यपुस्तिका में तुम्हारे गीत आएं
तब मंजिल को समझ जाना निकट।



- सपना (XII कला)

बेटियाँ

ईश्वर ने जब बेटियाँ बनाई
सोचा, समझा और अक्ल दौडाई।
दुनिया भर के खजाने उठाए
आकाश-पाताल के नगीने चुराए
परियों की मुस्कान अधरों पर सजाई
नाज़ुक-सी आहट दिल में बसाई।
और
सितारों की झिलमिल आँखों में दबाकर
बेटियाँ बनाई।
इनके लिए घर-आँगन बनाया
अमुआ के वृक्ष पर डाल दिया झूला, कहा-
गाओ मल्हारें, बढ़ाओ पींगे, बुलंद रखो हौंसले...
और फिर पहना दी हाथों में चूड़ियाँ पैरों में पायल।
उम्र के साथ शर्म, बंधन मर्यादा- फिर भी
हे ईश! सुख-समृद्धि व् सौभाग्य से
प्रेम, दया, करूणा से न हो कभी ये विचलित।
इनकी अस्मिता से, सतीत्व से न खेले कोई
न हो कभी अग्नि-परीक्षा ।
रहे बेटी केवल श्रद्धा
जिसके पग तल में हों
विश्वास के रजत नुपूर।

-राजू राठौड़ (XI कला)

भ्रष्टाचार

जो दिख रहा चित्र है, वह बड़ा ही विचित्र है।
हम दोष दूसरों को देते हैं ।
क्या किसी चीज़ की ज़िम्मेदारी हम लेते हैं?
सड़क के किनारे किसी के जुर्म की शिकार
जब करती है तड़पकर चीत्कार
शराफत का नकाब ओढ़े हम कानून की दुहाई देते हैं

और
कुछ दिन बाद मोमबत्ती जलाकर
लोगों से बड़ाई लेते हैं।
माना सर्वत्र व्याप्त है भ्रष्टाचार,
पर किसने दिया जन्म इसे, क्या है इसका आधार?
कौन है जो निज स्वार्थ को तजकर करता है सेवा!
हर काज के पीछे पाना है हर किसी को मेवा।

-हिमांशी (XI कला)

मेरा विद्यालय

मेरा विद्यालय है महान,
सबसे ऊंची इसकी शान।
यहाँ के शिक्षक बहुत महान,
देते हर पल सदा ज्ञान।
अच्छी-अच्छी बातें सिखाते,
सदा सत्य की राह दिखाते।
विद्यार्थी भी नहीं हैं कम,
रखते कुछ करने का दम।
सभी समय पर होते काम,
जिसके अच्छे आते परिणाम।
के. वि. पोकरण है महान,
ऊँची रहे इसकी शान।

-भावेश व्यास (XII विज्ञान)

स्वरचित कविता: सच्चाई पर अडिग रहो तुम

झूठ नहीं तुम सच बोलो
सबके कानों में मिश्री घोलो।
डगर कठिन है सच्चाई की,
किन्तु तुम घबराना मत।
बहुत सरल है राह झूठ की,
किन्तु इस पर तुम जाना मत।
संभल-संभलकर चलने पर
एक दिन मंजिल पा लोगे।

झूठ के रस्ते पर चलकर
पहुँच कहीं न पाओगे।
सच्चाई पर अडिग रहो तुम
और दुनिया की आँखें खोलो,
झूठ नहीं तुम सच बोलो।

-ईशान सिंह (VII)

मेंढक

कूद-कूदकर मक्खी खाता,
खूब नहाता पानी में ।
अन्दर-बाहर बाहर-अन्दर,
खूब उछलता पानी में।
हरे या पीले रंग की,
फ्रोक पहनता पानी में।

एक जगह न रुकता मेंढक,
लोटपोट कर मिट्टी में।
खुश हो जाता पानी में,
पानी ही उसका प्रिय घर है ।
मिलता मम्मी से वह,
जब भी जाता पानी में।

-पूना राम (VIII)

हमारा पोकरण

वीर हनुमान का है कदली वन-धाम पोकरण,
ऋषि-मुनि-योगी-तपस्वी स्वामी की धरा पोकरण।
प्राचीन हवेलियों का गढ़ है पोकरण,
पोखरों और बेरियों का शहर पोकरण।
हलवाइयों की शान, मिठाइयों का मान,
करती चमचम विश्व-विख्यात पोकरण।

पूर्व में नमक का समुद्र, पश्चिम में बाबा रामदेव धाम,
धूणी बालिनाथ की सालम के किनारे पोकरण।
जिसका कण-कण परमाणु के नाम से विख्यात,
सरहद के पहरेदारों का आशियाना पोकरण।

-कपिल पालीवाल (XII कला)

कौन बड़ा

आदमी बोला- मैं बड़ा!
फिर सांप से क्यों डरा?
सांप बोला- मैं बड़ा!
फिर शिवजी के गले में क्यों पड़ा?
शिवजी बोले- मैं बड़ा!
फिर वे हिमालय पर क्यों खड़े?
हिमालय बोला- मैं बड़ा!
फिर रावण से क्यों अड़ा?
रावण बोला- मैं बड़ा!
फिर राम से क्यों डरा?
राम-नाम ही तो बड़ा,
इसलिए इतना लंबा लिखना पड़ा!

-मधु जांगिड (VII)

माँ

घुटनों सी रेंगते-रेंगते
कब पैरों पर खडा हुआ।
तेरी ममता की छाँव में
न जाने कब बड़ा हुआ।
काला टीका दूध-मलाई
आज भी सब कुछ वैसा है।
प्यार यह तेरा कैसा है
सीधा-सादा भोला-भाला
मैं ही सबसे अच्छा हूँ
मैं आज भी तेरा बच्चा हूँ।

-अभिषेक बिश्नोई (IX)

ठण्ड

ठण्ड बहुत गुस्साई
बाहर है कुहरे की चादर,
अन्दर गरम रजाई।
छोड़ रजाई कैसे निकलूँ
ठण्ड बहुत गुस्साई।
मैं तो सोच रहा था
उठकर कसरत रोज़ करूंगा।
सुबह घूमने की खातिर
मैं हँसकर रोज़ उठूँगा।
लेकिन ऐसी शीत लहर से

फूटे रोज़ रुलाई।
मन करता है खेतों में जाकर
मेड़ों पर इतराऊं।
संग मित्रों के अपने
दिनभर खेल रचाऊँ।
अम्मा कहती घर पर रहकर
करो जमकर पढाई।

-इशिता (VII)

वीर शहीद

हाँ, इस देश का वासी हूँ, इस माटी का क़र्ज़ चुकाऊँगा।
जीने का दम रखता हूँ तो मरकर भी दिखलाऊँगा।
नज़र उठाकर न देखना, ऐ दुश्मन मेरे देश को।
मरूँगा मैं ज़रूर पर तुम्हें मारकर ही जाऊँगा।
कसम मुझे इस माटी की कुछ ऐसा मैं कर जाऊँगा।
हाँ, इस देश का वासी हूँ, इस माटी का क़र्ज़ चुकाऊँगा।
सनम होगा मेरा वतन और मैं दीवाना कहलाऊँगा।
माया मैं फंसकर तो मरता ही है हर कोई,
पर तिरंगे को कफ़न बनाकर मैं शहीद कहलाऊँगा।
हाँ, इस देश का वासी हूँ, इस माटी का क़र्ज़ चुकाऊँगा।
मेरे बुलंद हौंसले न तोड़ पाओगे तुम
क्योंकि मेरी शहादत ही मेरा धर्म है।
इस माटी का बेटा हूँ मैं इस माटी में ही मिल जाऊँगा।
आँख उठाकर देखे कोई, सबको मार गिराऊंगा।
भारत का वासी हूँ मैं अब चुप नहीं रह पाऊँगा।

-अभिषेक बिश्नोई (IX)

ऐसा नाम करो जग में

केन्द्रीय विद्यालय करे तुम हो दीपक ज्योतिमान,
ऐसा नाम करो जग में कि हो सबको अभिमान।
हैं नई राहें फैलाएं बाँहें पुकारे तुमको आज,
है नया गगन फैलाए पंख ले लो अपनी परवाज़।
लेकर आशीष गुरुजन का हो जाओ आयुष्मान,
ऐसा नाम करो जग में कि हो सबको अभिमान।
के. वि. के इस आँगन में तुमने गुरुमंत्र हैं पाएं,
तुम जाओ जहाँ हो सफल वहाँ महकाओ सारी दिशाएँ।
तत्त्वं पूषण अपावृणु का करो सार्थक गान,
ऐसा नाम करो जग में कि हो सबको अभिमान।

-चंद्रपाल सिंह (IX)

खुशी

दूर-दूर तलाश उसकी
जो बिलकुल पास है।
वह चारों ओर बिखरी पड़ी है
किन्तु दिखाई नहीं देती।
इतना सरल है इसका अर्थ
किन्तु जटिल और कठिन
बनाया दिया नासमझी ने।
खुशी हमारे भीतर है,
पर भविष्य की चिंता
वर्तमान की चाहतों में
पल-पल की खुशी लुट गई।
ख़ुशी एक अहसास है
रूप बदल-बदलकर
पास से गुजरती है।
कभी ध्वनि बनकर

कभी महक-स्पर्श बनकर
तन-मन विभोर करती है।
कभी कंपकंपाती ठण्ड में
धूप का एक टुकडा,
कभी तपती गर्मी में
अचानक घुमड़ आए
बादलों से हलकी सौंधी फुंहारें।
कभी बच्चे की किलकारी,
कभी आँगन में चिड़ियाँ की चहचहाट।
कभी चंद पलों की गहरी नींद,
दे जाती है खुशी का अहसास।
खुशी तो पहचान है,
जिस पल 'मैं' को पहचाना
वह खुशी है।

- प्रिया शेखावत (XII विज्ञान)

हँसो हँसो

बेटाः पापा, आप खोज रहे हो?
पापा: डॉक्टर का बिल।
बेटाः क्या डॉक्टर बिल में रहता है?

संता (बंता से) क्या राज साहब के घर के दरवाजे की घंटी ठीक कर आए?
बंता: कैसे करता, मैं काफी देर तक घंटी बजाता रहा पर किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला।

सोनू: तुझे सबसे ज्यादा इज्जत कौन देता है?
मोनू: अलमारी में रखे कपड़ देते हैं।
सोनू: वह कैसे?
मोनू: जब भी खोलता हूं तो 2-3 कपड़े आकर कदमों में गिर जाते हैं

मोटू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
पतलू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?
मोटू- अरे मैं बीमार हूं ना... इसलिए डॉक्टर ने बाहर की चीज खाने से मना किया है।

संकलन: मधु जांगिड़ (VII)

अच्छे बच्चे

अच्छे बच्चे रहते साफ़,
गन्दी नहीं करते क्लास।
हँसते-हँसते पढ़ने जाते,
कभी नहीं रोते-चिल्लाते।
पर्यावरण का पाठ सीखते,
पेड़-पौधों को पानी देते।
माता-पिता का हाथ बंटाते,
शीश नवाकर पढ़ने जाते।
पढ़-लिखकर सीधे घर आते,
कभी किसी को नहीं सताते।
हरदम रहते हैं मुस्काते,
गुरुजनों की आज्ञा मानते।
दादा-नानी से कहानियां सुनते,
नैतिकता जीवन में लाते।
काम समय पर अपना करते,
सदा समय का पालन करते।
सूझबूझ संग वे जीवन जीते,
स्वस्थ खाते स्वस्थ ही पीते।
अपने जीवन का अर्थ समझकर
जीवन को खुशहाल बनाते।

-राजू राठौड़ (XI कला)

दोस्ती हमारी

दोस्ती हमारी
महकती रहे,
लहकती रहे,
दहकती रहे,
चाँद की तरह
चमकती रहे।
दोस्ती हमारी, दोस्ती हमारी।

दोस्ती हमारी
फलती रहे,
चलती रहे,
पलती रहे,
सूरज की तरह
निकलती रहे।
दोस्ती हमारी, दोस्ती हमारी।

दोस्ती हमारी
छलकती रहे,
थिरकती रहे,
लरज़ती रहे,
बादल की तरह
गरजती रहे।
दोस्ती हमारी, दोस्ती हमारी।

-प्रियदर्शिनी (VIII)

सच्ची खुशी

खुशी एक ऐसा शब्द है जिसे पाने के लिये -
हर कोई तरसता है।
अपनी खुशी की तो सब को फ़िक्र रहती है।
लेकिन दूसरों की नहीं।
असली खुशी तो तब मिलती है जब -
दूसरों की खुशी का भी ध्यान रखा जाये।
और दूसरों को भी खुश रखने की कोशिश की जाये।
दूसरों को भी खुश, रखा जाये।
उससे ही सच्ची खुशी मिलती है॥

-प्रवीण (XII विज्ञान)

स्वरचित: सच का साथ कभी न छोड़ो

झूठ नहीं तुम सच बोलो,
अपने सिद्धांतों को मत भूलो।
धर्म-कर्म सब यही बताए,
झूठ बोले वह पछताए।
सच को दो तुम सदा मान,
झूठ न पाए कहीं सम्मान।
झूठ का होता है पर्दाफ़ाश
झूठ नहीं तुम सच बोलो
सच का साथ कभी न छोड़ो।

-विपुल बिश्नोई (XII विज्ञान)

समय

समय बहुत कीमती है
धन को बर्बाद करने पर तो,
इंसान निर्धन हो जाता है।
लेकिन समय को बर्बाद,
करने से इंसान जीवन का...
एक हिस्सा गँवा देता है।
समय बहुत क़ीमती है।
पल पल उसका उपयोग,
करना चाहिए ...
अच्छे काम में लगाना चाहिए।

-प्रणव जोशी (VII)

दीपक

माना मेरी रोशनी मंद है,

माना मेरे जीने की उम्र चन्द है।

फिर भी नहीं हूँ तन्हा यहाँ,

मैं नहीं मेरे जैसे दीपक अनंत हैं।

उम्र कम है फिर भी जलना सीखा है,

जीने की चाहत में मरना सीखा है।

आये तूफ़ान कितने ही मेरे जीवन में,

इन्हीं तूफानों से निरंतर लड़ना सीखा है।

जब-जब जरुरत होगी, खुद को जलाता रहूंगा,

खुशियों के पलों को यूं ही महकाता रहूँगा।

-निशांत (V)

ऐसे बने पर्यावरण प्रेमी

- ✓ कागज़ फाड़े या जलाए नहीं, बल्कि उसे रद्दी में बेच दें, ताकि उसका दुबारा उपयोग हो सके।
- ✓ गिलास में उतना ही पानी लें, जितना पीना हो, ताकि फेंकना न पड़े।
- ✓ एक ही कमरे में जहाँ तक संभव हो, घर के सभी सदस्य खाना खाए, पढ़े, या आराम करें। ताकि अलग-अलग बिजली, पंखा चलाकर ऊर्जा का दुरूपयोग न हो।
- ✓ दिन की रोशनी में ही अधिक से अधिक कार्य करें।

- ✓ पूरा अँधेरा हो जाने पर ही बिजली जलाएँ।
- ✓ जहाँ तक संभव हो, व्यक्तिगत वाहनों के स्थान पर सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें।
- ✓ सौर ऊर्जा का प्रयोग अधिकतर करने का प्रयास करें।
- ✓ बिना टोंटियों के नलों में टोंटियाँ लगाएं और खुली न छोड़ें, ताकि व्यर्थ पानी न बहे।
- ✓ प्रयास करें कि वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

- ✓ यदि संभव हो तो नहाने के लिए शावर का प्रयोग करे।
- ✓ फ्रिज में रखा खाना पहले थोड़ी देर बाहर रखें, बाद में गर्म करें।
- ✓ फूल न तोड़े, पुष्पहारों की पद्धति न अपनाएं।
- ✓ धीरे बोलें, लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें।
- ✓ प्रेशर कुकर में खाना बनाएं और 75 प्रतिशत समय व ईंधन बचाएं।
- ✓ खाना ढक्कनदार बर्तनों में पकाएं, जिससे ईंधन व समय बचेगा।

-दिव्या लाखीवाल (VIII)

सबसे प्यारा मेरा देश

सबसे प्यारा मेरा देश,
सजा - संवरा मेरा देश॥
दुनिया जिस पर गर्व करे,
नयन सितारा मेरा देश॥
चांदी - सोना मेरा देश,
सफ़ल सलोना मेरा देश॥
सुख का कोना मेरा देश,
फूलों वाला मेरा देश॥
झूलों वाला मेरा देश,
गंगा यमुना की माला का मेरा देश॥
फूलों वाला मेरा देश
आगे जाए मेरा देश॥
नित नए मुस्काएं मेरा देश
इतिहासों में नाम लिखायें मेरा देश॥

- नंदिनी देवल (X)

जरा सा मुस्कुरा दो

जरा सा मुस्कुरा दो
मुस्कुराहट मे जो ताकत है।
वो क्रोध में कहा।
जरा सा मुस्कुरा दो।
सब को अपना बना लो।
हर किसी का दिल जीत सकते है।
हर बात का जवाब दे मुस्कुरा कर-
दुश्मन भी दुश्मनी भूल जाते है॥
अगर बात करे उनसे मुस्कुरा कर।
हमेशा चेहरे पर मुस्कुराहट रखो।
चाहे हो खुशी या गम।
चेहरा भी सुंदर लगता है।
हर किसी से प्रेम बढ़ता है।
जरा सा मुस्कुरा दो।
आज का दिन भी सुंदर बना लो।
हमेशा मुस्कुराओ जिंदगी मे-
खुशियों के फूल सजा दो॥

-ईशा (VI)

पहेलियाँ

1. रंग है मेरा काला,
उजाले में दिखाई देती
हूँ, अँधेरे में छिप
जाती हूँ.

2. सुबह सुबह ही आता हूँ,
दुनिया की ख़बरें लाता हूँ.
सबको रहता मेरा इंतजार,
हर कोई करता मुझसे
प्यार.

3. क्रोध से सब को दुःख
देते हैं, प्यार से सब को
सुख देते हैं, सच भी हम
हैं, झूठ भी हम हैं. बताओ
तो हम हैं क्या?

4. हरे रंग की टोपी मेरी,
हरे रंग का है दुशाला,
जब पक जाती हूँ मैं तो
हरे रंग की टोपी, लाल रंग
का होता दुशाला मेरे पेट
में रहती मोती की माला

5. पैर हैं पर लंगड़ी
हूँ, मुँह है पर मौन
हूँ. बतलाओ तो मैं
कौन हूँ ?

उत्तर:

1. परछाई 2. अखबार
3. शब्द 4. हरी मिर्ची 5.
गुडिया

संकलन: भावना (VII)

सेवा-भाव

कैंकर्य लक्षण विलक्षण मोक्ष भाज:|

अर्थात जब मनुष्य में कैंकर्य भाव या सेवा भाव उत्पन्न हो जाता है तो वह मोक्ष का अधिकारी बन जाता है|

सेवा का साधारण अर्थ है कि दूसरों को ईश्वर का अंश मानते हुए उनकी भलाई के लिए कार्य करना| शरणागत भाव से की गई सेवा और स्मरण परमात्मा प्राप्ति का सर्वोपरि साधन है| महान ऋषि मुनियों ने परमात्मा स्मरण से अधिक सेवा का महत्त्व माना है क्योकि उनका मानना है कि सेवा में स्मरण स्वतः हो जाता है और सच्चे मन से सेवा करने से अहंकार का नाश भी हो जाता है जो परमात्मा प्राप्ति में सबसे बड़ा बाधक है|

मित्रो सेवा भाव ही था जिसके कारण हनुमान जी रावण से अधिक श्रेष्ठ बने और अष्ट सिद्धि, नव निधि के दाता बन गए| सेवा के वशीभूत होकर ही भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में पत्तल उठाई थी और यश को प्राप्त किया था| सेवा कार्य से ही उत्तम जीवन मूल्यों की स्थापना होती है| सच्चे मन से पूर्ण स्वार्थ रहित सेवा करने वाला व्यक्ति सामाजिक जीवन के पाँच मुख्य मूल्यों - अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का जीवंत प्रतीक बन जाता है|

समाज के सुंदर निर्माण और भविष्य में उन्नति के लिए बच्चों में बचपन से ही सेवा-भाव का विकास करना अत्यंत आवश्यक है| जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की भावना विकसित कर दी जाती है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज और देश में प्रतिष्ठा के पात्र बनते है| तन, मन और वाणी से दूसरो की सेवा में तत्पर रहने वालो के लिए सफलता के द्वार आगे से आगे खुलते चले जाते है| सामाजिक प्राणी होने के कारण बच्चे से लेकर बूढ़े तक प्रत्येक मनुष्य में सेवा और सहयोग के कुछ संस्कार होते है, किन्तु वे जगाए न जाने के कारण प्रत्यक्ष नहीं हो पाते है| इस सेवा - भाव को विकसित करने के लिए परिवार और विद्यालय सबसे सुंदर स्थान है| माता-पिता और गुरुजनों की प्रेरणा से सेवा-भाव के संस्कार शीघ्र जाग सकते है|

इस तरह हम सेवा-भाव से एक स्वस्थ राष्ट्र और समाज का नेतृत्व करते है| अतः हमें अपने आपको क्या वर्तमान और क्या भविष्य में होने वाले किसी लाभ की भावना से मुक्त रखते हुए निःस्वार्थ सेवा का भाव हमारे मन में स्थायी करना जिससे हमारा समाज हमेशा प्रगति करता रहे|

-श्री राकेश कँवरिया (टीजीटी हिंदी)

परम वीर चक्र (पीवीसी)

परम वीर चक्र सैन्य सेवा तथा उससे जुड़े हुए लोगों को दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च वीरता सम्मान है। यह पदक शत्रु के सामने अद्‌वितीय साहस तथा परम शूरता का परिचय देने पर दिया जाता है। 26 जनवरी 1950 से शुरू किया गया यह पदक मरणोपरांत भी दिया जाता है।

शाब्दिक तौर पर परम वीर चक्र का अर्थ है "वीरता का चक्र" । संस्कृति के शब्द "परम", "वीर" एवं "चक्र" से मिलकर यह शब्द बना है।

यदि कोई परम वीर चक्र विजेता दोबारा शौर्यता का परिचय देता है और उसे परम वीर चक्र के लिए चुना जाता है तो इस स्थिति में उसका पहला चक्र निरस्त करके उसे रिबैंड दिया जाता है। इसके बाद हर बहादुरी पर उसके रिबैंड बार की संख्या बढ़ाई जाती है। इस प्रक्रिया को मरणोपरांत भी किया जाता है। प्रत्येक रिबैंड बार पर इंद्र के वज्र की प्रतिकृति बनी होती है, तथा इसे रिबैंड के साथ ही लगाया जाता है।

परम वीर चक्र को अमेरिका के सम्मान पदक तथा यूनाइटेड किंगडम के विक्टोरिया क्रॉस के बराबर का दर्जा हासिल है।

फ्लाईंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखो यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वालों में से एक हैं। उन्हें 1971 में मरणोपरांत परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया। वे भारतीय वायु सेना के एकमात्र ऐसे ऑफिसर है जिन्हें परम वीर चक्र से सम्मानित किया गया है।

-तेजस्व सिन्हा (VIII)

पानी रे पानी

- शुद्ध पानी में कोई गंध और स्वाद नहीं है, इसका पीएच स्तर भी लगभग 7 होता है।
- पानी का घनत्व 3.98 °C पर अधिकतम होता है।
- पृथ्वी का सबसे ज्यादा विस्तार (71%) पानी ने कवर किया हुआ है।
- एक मानव भ्रूण के शरीर का पहले महीनों में लगभग 95% पानी और जन्म के समय 77% हिस्सा पानी से बना होता है।
- मानव द्वारा उपयोग किए जाने वाले ताजे पानी का लगभग 70% कृषि में उपयोग किया जाता है।
- मानव शरीर में शरीर के आकार के आधार पर 55% से 78% पानी होता है।
- पानी पारदर्शी होने के कारण ही जलीय पौधों को सूरज की रोशनी मिलती रहती है और जलीय पौधे पानी के अंदर जीवित रह सकते है।
- एक जेलीफ़िश और एक ककड़ी 95% पानी से बनी होती है।
- एक टन स्टील का उत्पादन के लिए 235 टन पानी की आवश्यकता होती है।
- एक ही समय पर 6 लीटर से अधिक पानी पीना मृत्यु का कारण भी बन सकता है।
- जब पानी जम जाता है तो उसका घनत्व कम हो जाता है। यही कारण है कि अति ठंडे प्रदेशो के तालाब में ऊपर की ओर बर्फ जमा होता है जो पानी में तैरता है और नीचे की ओर पानी होता है जिसकी वजह से जलीय जीव अंदर जीवित रह सकते हैं।
- शुद्ध पानी स्वाद में फीका होता है जबकि झरने का पानी या मिनरल वाटर का स्वाद इनमे मिले खनिज लवणों के कारण होता है।
- पेट्रोल की तुलना में पानी भारी है क्योंकि पेट्रोल में पानी की तुलना में कम घनत्व होता है। इसलिए पानी के ऊपर पेट्रोल तैरने लगता है।
- पृथ्वी पर का पानी पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है।

-लक्षिता सिंह (X)

पाठ्य सहगामी गतिविधियां

सत्र 2019-20 की पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ

नृत्य कार्यशाला

दिनांक 23.04.2019 को विद्यालय में गैर सरकारी संगठन 'रूट्स टू रूट्स' के सहयोग से नृत्य कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना प्रेरणा राठी ने बच्चों को कत्थक के गुर सिखाए।

पुस्तक उपहार कार्यक्रम

दिनांक 27.04.2019 को विद्यालय के बच्चों ने उपयोग में ली गई पाठ्यपुस्तकों को अपने साथियों को उपहारस्वरूप भेंट किया। विद्यार्थियों में मैत्री-भाव बढ़ाने वाला व प्रकृति की सेवा का यह अनूठा कदम है।

पठन दिवस एवं माह का आयोजन

विद्यालय में दिनांक 25.06.2019 से पठन दिवस मनाने के साथ पठन माह का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों के लिए पठन को प्रेरित करने वाले कार्यक्रम हुए।

विधिक साक्षरता कार्यशाला

दिनांक 26.06.2019 को तालुका विधिक सेवा समिति, पोकरण की ओर से विद्यालय में आयोजित विधिक साक्षरता कार्यशाला में ग्राम न्यायालय सांकड़ा के न्यायाधिकारी जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाओं व नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी दी।

स्वस्थ बच्चे स्वस्थ भारत

दिनांक 11.07.2019 को स्वस्थ बच्चे स्वस्थ भारत के तहत बच्चों का विभिन्न मानकों के आधार पर परीक्षण कर डाटाबेस तैयार किया गया.

सघन वृक्षारोपण

विद्यालय में दिनांक 12.07.2019 को सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत नीम व् शीशम प्रजाति के 200 से अधिक पौधे लगाए गए.

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम

दिनांक 17.07.2019 को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत विद्यालय में सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आंध्रप्रदेश व कनाडा के इतिहास, भाषा, संस्कृति, जनजीवन को दर्शाती खोजपरक सामग्री का प्रदर्शन किया

पुलिस कैडेट कार्यक्रम

दिनांक 17.07.2019 को पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत पुलिस उपाधीक्षक श्री मोटाराम गोदारा ने पुलिस व्यवस्था कार्यप्रणाली, समाज में भूमिका, नागरिकों के कर्तव्य, कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी।

छात्र परिषद् का अलंकरण समारोह

दिनांक 27.07.2019 को विद्यालय में नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन हआ, जिसमें परिषद के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई तथा बैज व सेश प्रदान किए गए।

संस्कृत सप्ताह

विद्यालय में दिनांक 13.08.2019 से आरंभ संस्कृत सप्ताह के तहत देववाणी संस्कृत को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला गया।

मादक पदार्थों की रोकथाम विषयक कार्यशाला

दिनांक 14.08.2019 को विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन व राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग संबंधी जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमें व्याख्यान, केस स्टडी, विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

विद्यालय में 73वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया.

स्वच्छता पखवाड़ा

विद्यालय में दिनांक 03.09.2019 से 16.09.2019 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें रैली, हरित विद्यालय अभियान, स्वच्छता भागीदारी, हस्तप्रक्षालन दिवस, व्यक्तिगत साफ़-सफाई, स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता कार्यवाही दिवस, पत्र लेखन, प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए।

हिंदी पखवाड़ा आयोजन

विद्यालय में दिनांक 04.09.2019 से 17.09.2019 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें हिंदी को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां संपन्न हुई। पखवाड़े के दौरान काव्य पाठ, आशुभाषण, निबंध, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों व शिक्षकों-कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन समारोह में विजेताओं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

जल संवर्धन विषयक कार्यशाला

विद्यालय में दिनांक 13.09.2019 को ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से जल संवर्धन विषयक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के साधकों ने जल की महत्ता, जल संरक्षण की आवश्यकता व जल संवर्धन की तकनीकी की जानकारी दी।

गांधी जी की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम

विद्यालय में दिनांक 23.09.2019 से 02.10.2019 तक गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सर्वधर्म प्रार्थना सभा, संदेशपरक लघु नाटक, व्याख्यान, गीत, पुस्तक-समीक्षा, भाषण व वाद विवाद प्रतियोगिता, चित्र-प्रदर्शनी, प्लोगिंग दौड़ सहित विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए।

"प्रकृति" कार्यक्रम

विद्यालय में दिनांक 27.09.2019 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) जोधपुर के सहयोग से प्रकृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को पौधरोपण की सही तकनीक व व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें पौधों की पहचान, वृक्षों के विभिन्न अवयवों, खेजड़ी की भूमिका, पारिस्थितिकी तंत्र आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सप्ताह में शिक्षकों-कार्मिकों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ग्रहण की। सप्ताह के दौरान निबंध व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई।

राष्ट्रीय एकता दिवस

दिनांक 31.10.2019 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। सरदार पटेल के व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया गया। प्राचार्य श्री गजेन्द्र जोशी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाए गई। इस अवसर पर रैली व एकता दौड़ का आयोजन भी किया गया।

झंडा दिवस

दिनांक 07.11.2019 को विद्यालय में 'प्लास्टिक मुक्त भारत' थीम पर केंद्रित स्काउट-गाइड द्वारा झंडा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

विद्यालय में दिनांक 11.11.2019 को शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। आजाद का स्मरण करते हुए विद्यार्थियों ने शिक्षाप्रद कहानी कथन प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

संकुल स्तरीय बाल मेला

दिनांक 14.11.2019 बाल दिवस के अवसर पर जैसलमेर उप-संकुल स्तरीय बाल मेले में केंद्रीय विद्यालय वायुसेना जैसलमेर, केंद्रीय विद्यालय, डाबला, केंद्रीय विद्यालय, रामगढ़, केंद्रीय विद्यालय सीमा सुरक्षा बल पोकरण के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक व खेलकद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

सोहन लाल शर्मा

(पाठ्य सहगामी गतिविधि समन्वयक)

संस्कृत अनुभाग

आचार्य: देवो भव:

किम् अस्ति तत् पदम्

य: लभते इह सम्मानम्

किम् अस्ति तत् पदम्

य: करोति देशानाम् निर्माणाम् ।

किम् अस्ति तत् पदम्

यम् कुर्वन्ति सर्वे प्रणामम्

किम् अस्ति तत् पदम्

यस्य छायायां प्राप्तम् ज्ञानम् ।

किम् अस्ति तत् पदम्

य: रचयति चरित्र जनानाम्

"गुरु" अस्ति अस्य पदस्य नाम

सर्वेषाम् गुरुणाम् मम शत शत प्रणाम: ।

हिमांशी (XI कला)

सदाचार:

सज्जना: यानि यानि सत्कार्याणि कुर्वंति, स सदाचार: उच्यते| सदाचारी नर: कीर्ति लभते| प्रात: काले उत्थाय मातापितरौ वृद्धान्, गुरुन्,च प्रणमेत्| तेषां आज्ञान् पालयेत्, तान् सेवेत् च| सदाचारिण: सर्वेषाम् प्राणिनामुपकारं करोति| सदाचारेण मानवजीवनस्य सर्वविधा उन्नति: भवति| अतएव सदाचार: उन्नत्या: द्वारमस्ति| सदाचारेनैव जना: प्रियं मधुरं च वदन्ति| सदाचारविहीना: जना: सर्वत्र पशुतुल्य: भवति| सदाचारेण एव श्रीराम: मर्यादा पुरुषोत्तम: अभवत्| सदाचारेण एव महर्षि: दधीचि:, गांधी महोदयश्च यश: शरीरेण अद्यापि जीवित:| सदाचारिण: सर्वत्र आदरं लभन्ते| सदाचारस्य महिमानं वर्णयितुं क: अपि न शक्नोति| अत: अस्माभि: सर्वभावेन सदाचार: पालनीय:|

मैना विश्नोई, IX

एकता

मतभेदस्य विरोधस्य वा अभाव: एकता इति उच्यते| एकताया: अपरं नाम "ऐक्यं सङ्घन" वा इत्यपि वर्तते| मनुष्याणाम् सांसारिकजीवनस्य कृते एकता महान् लाभकारी गुण: अस्ति| यदि संसारे मनुष्येषु एकता न स्यात् तर्हि तेषाम् एकदिनस्यापि जीवनं कठिनं सम्पद्येत| एकतायां महती शक्ति: भवति| यत् कार्यं एकेन न कर्तुम् शक्यते तद् बहूनां सम्मिलितेन समुदायेन सुगमतया एव भवति|

वर्तमानसमये एकताया: महान् अभाव: अस्ति| परिवारे समाजे देशे संपूर्णे संसारे च सर्वत्र एव अनेकताया: मतभेदस्य च भयंकर: झंझावात: प्रवाहमान: दृश्यते| एतस्य प्रधानं कारणं तु स्वार्थपरता एव अस्ति| सर्वे स्वकीयमेव हितं पश्यन्ति न अन्येषाम्| अत: एकताया: स्थापनाय परस्परं स्नेह, सौहार्द च वर्धनाय स्वार्थ साधनेन सहैव परेषामपि स्वार्थ रक्षणाय उपरि ध्यादानं परमं आवश्यकं वर्तते|

ममता बिश्नोई, IX

प्रकृतिः

प्रकृतिः माता सर्वेषाम्
बहूनाम् अपि फलानाम्
बहूनाम् अस्ति वृक्षाणाम्
पुष्पाणाम् च अपि मानेयम् ॥

भ्रमराणाम् पशुनां
पक्षिणाम् च मानास्ति
जनेभ्यः जीवनं सदा
ददाति प्रकृति माता ॥

अस्ति सा तु मनोहरी
मातृणाम् अपि मानास्ति
प्रकृतिः माता सर्वेषाम्
नमोस्तु ते मात्रे प्रकृत्यै ॥

तनिषा जोशी, IX

अद्भुत् स्वपन?

राजीवस्य अद्भुतं स्वपनम्
सिंहो वदति म्याऊँ म्याऊँ
हस्ती धावति यथा चित्रकः
सर्पः वदति भौ भौं भाऊ ।
भल्लूकः दुर्बलः तथा यत्
यथा चमरपुच्छा संजातः
मूषकभीता धावति मार्जारी
शशकः धावति शृंगयुतः ॥

गिरीश, VI

शरीरस्य अंगानां नामानि

संस्कृत	हिन्दी	ENGLISH
केश:	बाल	Hair
नयनम्	आँख	Eye
नासिका	नाक	Nose
श्रोत्रम्	कान	Ear
ओष्ठ	होठ	Lips
ग्रीवा	गर्दन	Neck
रदन:	दाँत	Teeth
अंगुलि	उँगली	Finger
उदर:	पेट	Belly
स्कन्ध:	कंधा	Shoulder

मधु जाँगिड, VII

फलानाम् नामानि

संस्कृत	हिन्दी	English
द्राक्षाफलम्	अंगूर	Grapes
आम्रम्	आम	Mango
नारंगम्	नारंगी	Orange
कदलीफलम्	केला	Banana
जम्बुफलम्	जामुन	Black Plum
मधुकर्कटी	पपीता	Papaya
सेवम्	सेव	Apple
कालिदन्दम्	तरबूज	Watermelon
आग्रलम्	अमरूद	Guava
खर्बुजम्	खरबूज	Muskmelon

रोहिणी, VII

प्रहेलिका:

कस्तुरी जायते कस्मात् ?
को हन्ति करिणा कुलम् ?
कि कुर्यात् कातरो युध्दे ?
मृगात् सिंह पलयाते ||
(मृगात् सिंह पलयाते)

सीमंतिनिषु का शांता ?
राजा को अभूत् गुणोत्तमः ?
विद्वद्भिः का सदा वंद्या?
अत्रैवोक्तं न बुध्यते ||
(सीता, रामः विद्या च)

कं सञ्जघान कृष्णः ?
का शीतलवाहिनी गङ्गा ?
के दारपोषणरता ?
कं बलवन्तं न बाधते शीतम् ||
(कंसः काशीः केदारः च)

वृक्षाग्रवासी न च पक्षीराजः,
त्रिनेत्रधारी न च शुलपाणिः |
त्वग्वस्त्रधारी न च सिध्दयोगीः,
जलं च बिभ्रन्न घटो न मेघः ||
(नारिकेलफलम्)

भोजनान्ते च किं पेयम् ?
जयंतः कस्य वै सुतः ?
कथं विष्णुपदं प्रोक्तम् ?
तक्रम् शक्रस्य दुर्लभम् ||
(तक्रम् शक्रस्य दुर्लभम्)



पूजा बिश्नोई, X

प्रियं भारतं

प्रकृत्या सुरम्यं विशालं प्रकामम्
सरितारहारैः ललालं निकामम्,
हिमाद्रिः लालटे पदे चैव सिन्धुः
प्रियं भारतं सर्वथा दर्शनीयम् ।

धनानां निधानं धरायां प्रधानम्
इदं भारतं देवलोकेन तुल्यम्,
यशो यस्य शुभ्रं विदेशेषु गीतम्
प्रियं भारतं तत् सदा पूजनीयम् ।

अनेके प्रदेशा अनेके च वेषाः
अनेकानि रूपाणि भाषा अनेकाः,
परं यत्र सर्वे वयं भारतीयाः
प्रियं भारतं तत् सदा रक्षणीयम् ।

सुधीरा जना यत्र युध्देषु वीराः
शरीरार्पणेनापि रक्षन्ति देशम्,
स्वधर्मानुरक्ताः सुशीलाश्च नार्यः
प्रियं भारतं तत् सदा श्लाघनीयम् ।

वयं भारतीयाः स्वभूमिं नमामः
परं धर्ममेकः सदा मानयामः,
यदर्थं धनं जीवनं चार्पयामः
प्रियं भारतं तत् सदा वंदनीयम् ।

धुविता, VII

सरलमानकसंस्कृतम् (गीतम्)

वदतु मित्रका संस्कृते
सरलमानकसंस्कृतम् ।
लसतु निजहृदि सततमीदृशम्
सरलमानकसंस्कृतम् ।

लिखतु मित्रक संस्कृतं
सरलमानकसंस्कृतम् ।
लिखतु सार्थकगद्यपद्यमय
सरलमानकसंस्कृतम् ।

संस्कृतेन् लघु संस्कृतं
पाठयन्तु नवशिक्षकाः ।
लसतु शिष्यगणेषु सोज्वल
सरलमानकसंस्कृतम् ।

संस्कृतस्य तु पोषणेन खलु
पोषयेम निजमानसम् ।
संस्कृताय समर्पये निज
सत्वशुद्धिभरजीवितम् ।

हर्षिता, VII

चिरादपि वरं शिक्षा

एक: अलस: बालक: आसीत् | स: विद्यालयं न अगच्छत् | प्रतिदिनं स: उपवनम् अगच्छत् अखेलत् च | एकदा स: उपवने काकमेकम् अपश्यत् | "अरे काक:!" अत्राहम् एकाकी अस्मि | अहम् केन सह खेलिष्यामि| आगच्छ मया सह खेल |" इति स: काकम् अवदत् | किन्तु स: काक: "मम कार्यं अस्ति, अहं गच्छामि " इति उक्त्वा अगच्छत् |

तत: स: बालक: सारमेयं, शुकम्, वानरं चापि खेलितुम् आहूतवान्|

परंतु ते सर्वे काकवत् उक्त्वा अधावन् |

अंतत: स: अलस: एकां पिपीलिकां दृष्ट्वा खेलितुम् प्रार्थनाम् अकरोत् | पिपीलिका अवदत् इदानीमेव धान्यसंपादनाय गमिष्यामि | अहं न त्वादृशी अलसा अस्मि | त्वमेव खेल | इति तत: प्रभृति स: बालक: विद्यालयं अगच्छत् | श्रध्दया स्वपाठान् अपठत् | क्रमश: स: पण्डित: अभवत् |

आदित्य, IX

माँ

माँ, माँ त्वम् संसारस्य अनुपम् उपहार:
न त्वया सदृश्य: कस्या:स्नेहम् ,
करुणाया: ममताया: त्वम् मूर्ति: ,
न क: अपि कर्त्तुम् शक्नोति तव क्षतिपूर्ति |

तव चरणयो: मम जीवनम् अस्ति ,
माँ शब्दस्य महिमा अपार:,
न माँ सदृश्य: कस्या: प्यार:,
माँ त्वम् संसारस्य अनुपम् उपहार: |

खुशी, VI

लोकहितम् मम करणीयम्

मनसा सततम् समरणीयम्
वचसा सततम् वदनीयम्
लोकहितम् मम करणीयम् ||
न भोग भवने रमणीयम्
न च सुख शयने शयनीयम् |
अहर्निशं जागरणीयम्
लोकहितम् मम करणीयम् ||

न जातु दुःखं गणनीयम्
न च निज सौख्यं मननीयम् |
कार्य क्षेत्रे त्वरणीयम्
लोकहितम् मम करणीयम् ||
दुःखसागरे तरणीयम्
कष्टपर्वते चरणीयम् |
विपति विपिने भ्रमणीयम्
लोकहितम् मम करणीयम् ||

काजोल बिश्नोई, VIII

प्रिया: श्लोका:

कराग्रे वसते लक्ष्मी: करमध्ये सरस्वती |
करमूले तू गोविंद: प्रभाते कर दर्शनं ||
सत्येन धार्यते पृथ्वी सत्येन तपते रवि: |
सत्येन वाति वायुश्च सर्वसत्ये प्रतिष्ठितम् ||
त्वमेव माता च पिता त्वमेव , त्वमेव बंधुश्च सखा त्वंमेव |
त्वमेव विद्या द्रविण त्वमेव सर्वं मम देव देव ||
आकाशात् पतितं तोयं यथा गच्छति सागरम् |
सर्वदेवनमस्कार: केशवं प्रति गच्छति ||

अभिषेक बिश्नोई, IX

पर्यावरणम् प्रदूषणम्

यत् परितः अस्मान् आवृनोति तत् पर्यावरणम्। पर्यावरेन साकं मानवजीवनस्य नित्यसंबंधः। पृथ्वी जल आकाश वनस्पतयः जीवाश्च पर्यावरणसर्जकाः सन्ति। प्रकृत्याः समग्रं रूपमेव पर्यावरणामिति अभिधीयते । पर्यावरेन अस्माकं मनः स्वास्थ्यं च प्रभावितानि भवन्ति।

वर्तमानकाले प्रकृतिकसंसाधनानां असंतुलितदोहनेन औद्यगिकविस्तारेण च अस्माकं मृदावायुजलानि दुषितानि। वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी सततं पर्यावरणम् प्रदूषयन्ति। अस्माभिः प्रतिश्वासं विषपानं क्रियते।

बहुनामुद्योगानां विषयुक्तेन वायुना पृथ्वियां ऊष्मा वृद्धिम् अप्नोति। अद्य वायुजलध्वनि प्रदूषणेन मानवजीवनं दुःखमयं संजातम्। प्रतिवर्ष पर्यावरणसुरक्षार्थं "पर्यावरण दिवसः" नाम्ना समारोहः सर्वत्र आयोज्यते, तथापि पर्यावरणप्रदूषणस्य समस्या उतरोतर प्रवर्धमाना अस्ति। वस्तुतः ध्वंसरहितप्रगत्याः एक एव विकल्पः पर्यावरणसरंक्षणारर्थं अस्ति। अतः पर्यावरणस्य संरक्षणम् सर्वेषां कर्तव्यं अस्ति।

मुस्ताक, IX

कः किम् कर्तुम् न शक्तः

अन्धः किमपि न द्रष्टुम् शक्तः

पंगुः क्वापि न चलितुम् शक्तः ।

मूकः किमपि न वक्तुम् शक्तः,

बधिरः श्रोतुम् भवति अशक्तः ॥

मूढः बोद्धुम् न भवति शक्तः

न चापि भीरुः योद्धुम् शक्तः ।

शयने रोगी भवति अशक्तः,

दीनः किमपि न दातुम् शक्तः ॥

वृद्धः न भारं वोढुम् शक्तः,

ईर्ष्युः कमपि न कर्तुम् शक्तः ।

नैव धावितुम् स्थूलः शक्त

लोभी शांत्या स्वपितुमशक्तः ॥

अलसः मूर्खः निद्रायुक्तः ,

कार्यम् किमपि न कर्तुम् शक्तः ।

सदैव मिथ्याचरणे शक्तः,

नैवं स सत्यं द्रष्टुम् शक्तः ॥

कृतिका, VII

जय वृक्ष ! जय वृक्ष

श्रुयताम् सर्वे वृक्षपुराणम्,
क्रियताम् तथा वृक्षारोपणम् ।
